पीसीआर खड़ी रही बाहर, चोर अंदर साफ कर गया दुकान...

झाबुआ। शहर में अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब उन्हें पुलिस के सायरन और लाल-नीली बत्ती का भी खौफ नहीं रहा। बीती आधी रात झाबुआ राजबाड़े चौक में स्थित एक सलून (न्यू सुपरमैंस पार्लर) में हुई चोरी की वारदात ने पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी पर गंभीर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। यह पूरी घटना किसी मसाला फिल्म के सीन जैसी लगती है, जहाँ पुलिस की मौजूदगी में ही अपराधी अपना काम सफाई से अंजाम दे गया।

जानकारी के अनुसार, वारदात के समय सलून के ठीक बाहर दो-दो पीसीआर वैन गश्त लगा रही थीं। हैरान करने वाली बात यह है कि पुलिस की गाड़ियां वहीं मौजूद रहीं, लेकिन सलून के अंदर चोर बड़े आराम से हाथ साफ करता रहा। ऐसा लग रहा था मानो चोर को पुलिस की मौजूदगी का कोई डर नहीं था, या फिर उसे पता था कि प्रशासन चैन की नींद सो रहा है।

खाकी की नाक के नीचे फिल्मी स्टाइल चोरी

सायरन के बीच बुलंद हौसले

चोरी की यह वारदात आधी रात के सन्नाटे में हुई। बताया जा रहा है कि घटनास्थल के पास से पुलिस की गाड़ियाँ लगातार गुज़रती रहीं, इसके बावजूद चोर ने बेखौफ होकर दुकान के अंदर लूटपाट मचाई। जब रक्षक ही सो रहे हों, तो भक्षक का बेखौफ होना लाजिमी है।

जनता में आक्रोश

दुकान के ठीक बाहर पुलिस की मौजूदगी और फिर भी चोरी हो जाना, यह बात क्षेत्र के व्यापारियों और आम जनता के गले नहीं उतर रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर पुलिस की नाक के नीचे दुकान सुरक्षित नहीं है, तो फिर आम आदमी कहां जाए? अब प्र्ष्ठ उठता है कि फिल्मी स्टाइल में पुलिस बाहर पहरा देती रही (दिखावे के लिए) और अंदर चोरी होती रही। इसके साथ ही क्या पुलिस की गश्त सिर्फ कागजों और सायरन तक सीमित है?

आलीराजपुर मंडी में 18 मई से शुरू होगी कच्चे आम की खरीदी-बिक्री

आलीराजपुर। कृषि उपज मंडी समिति, आलीराजपुर द्वारा सर्वसाधारण, आम विक्रेता किसान भाईयों एवं अनुज्ञप्तिधारी आम क्रेता व्यापारियों को सूचित किया गया है कि दिनांक 18 मई 2026, सोमवार से मंडी प्रांगण में कच्चा आम (केरी) का क्रय-विक्रय प्रारंभ किया जाएगा।मंडी समिति ने जिले के आम उत्पादक किसानों से अपील की है कि वे अपनी वन उपज आम अधिक से अधिक मात्रा में मंडी प्रांगण में लाकर खुली नीलामी के माध्यम से विक्रय करें, ताकि उन्हें प्रतिस्पर्धात्मक एवं उचित मूल्य प्राप्त हो सके। इसके साथ ही जो व्यक्ति या संस्था कच्चे आम का क्रय-विक्रय एवं व्यवसाय करना चाहती है, वह कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर लाइसेंस संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकती है। इस संबंध में मंडी सचिव श्री राधेश्याम सिर्वी (मो. 9165723871) एवं शाखा प्रभारी श्री सुरंग सिंह कनेश (मो. 9406850318) से संपर्क किया जा सकता है।

एक नजर में

बाकानेर में अंधगति से दौड़ रहे वाहनों से हादसों का अंदेशा, स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग

बाकानेर। मनावर खलघाट रोड, पर वाहनों की अंध गति से बढ़ते हादसों के खतरे को देखते हुए ग्रामवासियों ने प्रशासन से गतिअवरोधक बनाने की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय, पीएम श्री कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल, दो निजी स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कृषि उपज मंडी,तथा,प्रसिद्ध 64 जोगनी माता मंदिर, स्थित हैं। जिसके कारण प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राओं, मरीजों, किसानों और श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। ग्रामवासियों ने मांग की है कि स्थानीय बस स्टैंड पर अंधे मोड़, बढ़ता फाटे और सांदीपनि विद्यालय के सामने तत्काल गतिअवरोधक बनाए जाएं। यहां तेज रफ्तार वाहनों के कारण हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। लोगों ने बताया कि इंदौर जाने वाली नॉन स्टॉप बसें,और सीमेंट से भरे हुए बड़े-बड़े ट्राले भी इस व्यस्त मार्ग से बेहद तेज गति से गुजरती हैं। स्कूल समय में भी इनकी रफ्तार पर कोई नियंत्रण नहीं है। कई बार बच्चे बाल-बाल बचे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूलों के नए सत्र खुलने से पहले उक्त मार्ग पर गतिअवरोधक बनाए जाए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र गतिअवरोधक नहीं बनाए गए तो आंदोलन किया जाएगा। प्रशासन से मांग है कि बच्चों और आमजन की सुरक्षा को देखते हुए प्राथमिकता से स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं।

वर्ष में एक माह का मौन रखें, मौन में होती है अपार शक्ति : पं. नागर

मेघनगर। भगवान की कृपा और गुरु के आशीर्वाद से ही कथा करवाने का अवसर मिलता हैं एक वर्ष में 1 माह का मौन रखे मौन की शक्ति अपार है द्य दैनिक दिनचर्या में हम हमारे अधिकतर शब्द लोभ और संसार की अनावश्यक बातों पर खर्च कर देते हैं। अनावश्यक शब्द खर्च करने से बचना चाहिए जब बहुत आवश्यकता हो तभी बोलना चाहिए द्य हजार काम छोड़कर प्रतिदिन स्नान जरूर करे द्य लाख काम छोडकर अधिक से अधिक दान दें। करोड़ों के काम छोड़कर भजन करें जब आपको पता चले कि कही कथा हो रही है तो घर से कथा सुनने के लिएँ निकल जाओ....कथा का यजमान बनने के लिए तीन बड़ी बातें महत्वपूर्ण होती है एक तो भगवान की कृपा गुरु का आशीर्वाद और पुण्य का उदय होना यही सकारात्मक स्थिति मेघनगर के श्री सुरेश चंद पूरणमल जैन और उनके परिवार के साथ बनी है मुझे इस बात की खुशी है कि वह जैन होकर श्रीमद् भागवत कथा करा रहे हैं भगवान विष्णु की कथा करा रहे हैं जैन समाज में जहाँ नवकार का महत्व है वही सनातन समाज में ओमकार का महत्व है। यह प्रमुख बातें मध्य प्रदेश के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री वनेश्वर मारुति नंदन हनुमान मंदिर पर चल रही श्रीमद भागवत कथा में प्रसिद्ध संत कमल किशोर नागर जी ने अपने मुखारविंद से कही उन्होंने अपनी कथा के दौरान भगवान कृष्ण और गोपियों की लीला का सुँदर और अलौकिक वर्णन किया....उन्होंने अपनी कथा में गौ माता का महत्व बताते हुए गौ सेवा को सबसे बडी सेवा बताया पंडित श्री कमल किशोर नागर प्रतिदिन गौ माता के महत्व का वर्णन अपनी कथा में आवश्यक रूप से कर रहे हैं और क्षेत्र के लोगों से गौ माता की सेवा गौ माता व पक्षियों के लिएँ जगह-जगह जल सेवा की व्यवस्था करने के लिए भी प्रेरित कर रहे हैं....फुटतालाब प्रांगण में चल रही श्रीमद् भागवत कथा को सुनने के लिए भारी संख्या में लोग प्रतिदिन पहुंच रहे हैं आयोजन सथल पर ठंडे जल और प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी मध्य प्रदेश की यशस्वी समाजसेवी श्री सुरेश चंद्र पूरणमल जैन राजेश रिंकू जैन मंदिर के महल श्री दिलीप दास जी महाराज और समिति सदस्य द्वारा की गई है वही निशुल्क बसों की व्यवस्था भी आयोजन हेतु प्रतिदिन अलग-अलग जगह से की जा रही है द्य आयोजन समिति में महिला मंडल की वरिष्ठ सीमा सुरेश जैन, नीता राजेश जैन ने विशेष रूप से ग्रामीण अंचल की माता बहनों से आयोजन में प्रतिदिन 12 से 3 बजे तक आने का अनुरोध किया है।

नवचेतना केवल शिविर नहीं, संस्कारों को जीवन में उतारने का संकल्प है : हरिओम शर्मा

कुक्षी। अखिल भारतीय सिर्वी महासभा धार निमाड़ जिला संगठन व युवा संगठन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय आवासीय सिर्वी नवचेतना युवा शिविर का समापन दीक्षांत सत्र के साथ सम्पन्न हुआ। मंचासीन अतिथि सत्र के प्रमुख वक्ता हरिओम शर्मा बड़दा,धार जिला ग्रामीण भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार,एलिजियंस ऐकेडमी के संस्थापक आनंद गुप्ता,निसरपुर जनपद उपाध्यक्ष जगदीश भायल कोणदा,शिविर में बच्चों को मार्गदर्शन प्रदायक अशोक सोलंकी जाजमखेड़ी,वरिष्ठ समाजसेवी मोहनलाल काग गंधवानी,जिलाध्यक्ष विक्रम चोयल ने श्री आई माताजी का पूजन एवं आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीक्षांत सत्र में प्रखर वक्ता हरिओम जी शर्मा ने युवाओं को लक्ष्यपूर्ण,संस्कारवान एवं संगठननिष्ठ जीवन जीने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि केवल भाषण सुनने या किताबें पढ़ने से संस्कार नहीं आते, बल्कि विचारों को जीवन में उतारने से वास्तविक चेतना जागृत होती है। उन्होंने युवाओं से समाज और संगठन से जुड़कर कार्य करने का आह्वान करते हुए कहा कि हम देवभूमि, हिन्दू कुल और आई पंथ में जन्मे हैं,यह हमारा गौरव है। शर्मा जी ने मोबाइल और आधुनिक जीवनशैली में समय व्यर्थ करने की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए युवाओं को कठोर परिश्रम,उत्तम चरित्र और जिम्मेदार जीवन अपनाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि जीवन में विकल्प नहीं, संकल्प होना चाहिए। शेर और हिरण के उदाहरण से उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि हमें अपने अस्तित्व,संस्कृति और समाज

नर्स दिवस पर कार्यक्रम कर दी शुभकामनाएं...

स्नेह सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होती हैं नर्सें

बाग। स्वास्थ के प्रति हमेशा सजग रहने वाली नर्सों का जो इस क्षेत्र में योगदान होता है। इसे भुलाया नहीं जा सकता साथ ही अपने स्नेह सेवा और समर्पण की प्रतिमूर्ति होती है। देश की नर्सें उसी को लेकर 12 मई को राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। इस दीन सभी नर्सों को शुभकामनाएं बधाई प्रेषित करते हैं ।6 मई से 12 मई तक मनाए जाने वाले इस नर्स दिवस को बाग भी मनाया गया और सभी ने अपने कार्य के प्रति समर्पित नर्सों को राष्ट्रीय नर्स दिवस की बधाई शुभकामनाए दी ।

राष्ट्रीय नर्स दिवस 6 मई से 12 मई तक मनाया जाता है, जो हमारे जीवन में नर्सों के योगदान की सराहना करने और हमारे स्वास्थय एवं हमारे प्रियजनों की भलाई में उनके योगदान को याद करने का एक वार्षिक अवसर है । लोग दशकों से नर्सों का सम्मान करते आ रहे हैं। हालांकि 1980 के दशक तक संयुक्त राज्य अमेरिका ने इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवा में पेशेवर को उनके सम्मान में एक विशेष दिवस के रुप में मान्यता नहीं दी थी राष्ट्रीय नर्स दिवस राष्ट्रीय नर्स सप्ताह का पहला दिन है । जो प्रत्येक वर्ष 6 से 12 मई तक मनाया जाता है । फ्लोरेंस नाइजीरियाटिंगेल के जन्मदिन अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस पर समाप्त होता है।



इस दिन आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाने वाली फ्लोरेंस नाइटिंगेल का जन्म हुआ था ।उन्होंने ही नर्स को एक सम्मानजनक पेशे के रुप में पहचान दिलाने में मदद की थी ।उनके सम्मान में हर साल इस दिन को नर्स डे के रुप में मनाया जाता है । नर्सों के सम्मान में के लिए पहली बार इन्टरनेशनल नर्स डे 1974 में मनाया गया था ।

कोरोना के समय भी निभाई अहम भूमिका: कोरोना काल के दौरान जहां एक दूसरे के पास आने से कतरा रहे थे वहीं नर्सों ने अपनी अहम जिम्मेदारी के साथ लोगों की सेवा की जिसे पुरी दुनिया ने देखा । कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी लगातार काम करते हुए उन्होंने अपनी परवाह ना करते हुए मरीजों की सेवा की यही वजह है कि आज के समय में नर्सों के हेल्थ सिस्टम को रिढ माना जाता है । इन्हीं नर्सों ने डाक्टरों के साथ कोरोना काल के समय में मरीजों की सेवा कंधे से कंधा मिलाकर की उस समय भी अपनी सारी परेशानियो को दुर रखकर मरीजों को सेवा दी । बाग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की सोनाली गामड़, जयंती गिनावा, पूजा वास्केल ने नर्स डे के अवसर पर बताया की अपने कृत्व्य के प्रति हमेशा सजग रहना चाहिए इसी को अपनी सेवा मानते हुए हम मरीजों के उपचार के साथ उनकी देखभाल भी करते हैं ।अपनी भावनाओं को नियंत्रित रखते हुए तनावपूर्ण परिस्थितियों में भी मरीज की देखभाल करना हमारी पहली प्राथमिकता होती है । साथ ही इस सेवा को कर हम गौरव महसुस करते हैं।

अचानक बागड़ में लगी आग बुझाने के पहले ही खाक

बाग। भीषण गर्मी के चलते आग लगने के समाचार लगाता कहीं न कहीं से आ रहे हैं ।हाल ही बाग में तीन से चार स्थानों पर आग लग चुकी है ।सोमवार शाम को ग्राम पंचायत के सामने गली में एक खेत की बागड़ में अचानक आग लग गई देखते ही देखते बागड़ जलकर खाक हो गई । ह्रस्ढ्ढ के ब्लाक अध्यक्ष सुरज मंत्री ने बताया की आग लगने का कारण तो पता नहीं चला हे मगर अचानक ही आग की लपटे उठी हम लोग बुझाने के लिए सभी ने पानी वगेहरा डाला और सभी की मदद से आग पर जेसे तेसे काबू तो किया लेकीन बागड़ नहीं बच पाई सुखी थी तो जलने में उसे ज्यादा समय नहीं लगा ।

विभागों के कार्यों और योजनाओं की समीक्षा

कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में टीएल बैठक

आलीराजपुर। कलेक्टर नीतू माथुर की अध्यक्षता में आयोजित टीएल बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन शिकायतों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे शिकायतों के शीघ्र और संतुष्टिपूर्ण निराकरण करते हुए ए ग्रेड प्राप्त करना सुनिश्चित करें। जिन विभागों द्वारा शिकायतों को नॉन-अटेंडेंट रखा गया है, उन्हें नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा से बाहर लंबित प्रकरणों पर अर्थदंड लगाने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने सभी जनपद पंचायत सीईओ एवं नगर परिषद सीएमओ को कार्यों में तेजी लाने तथा जनभागीदारी से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। साथ ही सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान के कार्यों का नियमित निरीक्षण करें। संबल योजना के लंबित आवेदनों की समीक्षा करते हुए उन्होंने श्रम विभाग को निर्देशित किया कि सभी लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण कर कलेक्टर कार्यालय को अवगत कराया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि इसकी पुन: समीक्षा की जाएगी। कलेक्टर माथुर ने सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदारों को उचित मूल्य दुकानों में राशन वितरण व्यवस्था का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए, ताकि हितग्राहियों को समयबद्ध एवं सुचारू रूप से अनाज वितरण सुनिश्चित हो सके। साथ ही लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर आमजन कुओं के पानी का उपयोग पीने के लिए कर रहे हैं, वहां साफ-सफाई एवं पानी का क्लोरीनेशन कराया जाए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती संघमित्रा गौतम, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं समस्त विभागों के प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा बैठक

आलीराजपुर। केंद्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर की अध्यक्षता में कलेक्टर कक्ष में आयोजित की गई।

इस योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि उत्पादन बढ़ाकर किसानों की आय में वृद्धि करना तथा फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना है।बैठक में कलेक्टर श्रीमती माथुर ने कृषि एवं कृषि से संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी योजनाओं में लक्ष्य बढ़ाकर कार्यों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर क्रियान्वित करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी योजनाओं में किसानो को चिन्हित कर लाभान्वित करना सुनिश्चित करें।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एफपीओ, प्राकृतिक खेती, परंपरागत कृषि विकास योजना, प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान, उद्यानिकी विभाग की 'पर ड्रॉप मोर क्रॉप' योजना, सॉइल हेल्थ कार्ड सहित अन्य योजनाओं को शामिल किया गया है। बैठक में उप संचालक कृषि सज्जन सिंह चौहान, आत्मा परियोजना ादू मोरे, उद्यानिकी विभाग कैलाश चौहान सहित कृषि से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एक नजर ▶ कलेक्टर माथुर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं, 35 आवेदन हुए प्राप्त

कलेक्ट्रेट में साप्ताहिक जनसुनवाई का किया आयोजन

आलीराजपुर। जिला मुख्यालय पर प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई का आयोजन कलेक्टर कार्यालय स्थित जनसुनवाई कक्ष में किया गया। जनसुनवाई में कलेक्टर नीतू माथुर ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के निराकरण के निर्देश दिए। आज की जनसुनवाई में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए।

इस बार जनसुनवाई के दौरान आवेदक दिनाबाई पति सुरला चौहान निवासी ग्राम गिराला तहसील आलीराजपुर ने आवेदन दिया कि मैं पिछले एक वर्ष से कैंसर से पीड़ित हूं। मैं एक गरीब परिवार से हूं और मेरी आर्थिक स्थिती भी ठीक नही हैं जिसके कारण मैं मेरा उपचार करवाने में असमर्थ हूं। मुझे बीमारी के उपचार हेतु आर्थिक सहायता दिलवायी जाए। उक्त आवेदन के निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती माथुर ने संबंधित अधिकारी को जांच कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक अन्य आवेदन लक्ष्मण फलिया ग्राम पंचायत बडी उत्ती तहसील उदयगढ़ के निवासियों ने आवेदन दिया कि हमारे फलिया में एक भी हैंडपंप उपलब्ध नहीं है, जिससे पेयजल के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि गांव में स्थित कुआं फलिया से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूरी पर है तथा गर्मी के मौसम में वह भी सूख जाता है। साथ ही पानी लाने के लिए महिलाओं को तेज धूप में लंबी दूरी तय कर पानी लाना पड़ता है। उन्होंने आवेदन दिया कि शासकीय योजना अंतर्गत लक्ष्मण फलिया में नवीन हैंडपंप खनन करवाया जाएं। इसके अतिरिक्त पिपरानी फलिया ग्राम भानारावत,आम वाला फलिया,राजगोलिया मुहड़ा फलिया ग्राम खण्डला, भयड़िया फलिया ग्राम कोदला एवं ग्राम लक्ष्मणी आदि ग्रामवासीयो ने हेण्डपम्प खनन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने उक्त आवेदनो को पीएचई विभाग को जांच कर त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जनसुनवाई में भूमि पर कब्जा, वेतन भुगतान, नामांतरण एवं बटवारा, जमीनी विवाद,अतिक्रमण जैसे विभिन्न विषयों से संबंधित आवेदन भी प्राप्त हुए। कलेक्टर श्रीमती माथुर ने जनसुनवाई में उपस्थित सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में आए आवेदनों के निराकरण होने पश्चात संबंधित आवेदक को अवगत करा कर जिला मुख्यालय भी अवगत कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्रीमती संघमित्रा गौतम ,संयुक्त कलेक्टर श्री मनोज गरवाल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व श्री वीरेंद्र बघेल, सुश्री निधि मिश्रा, डिप्टी कलेक्टर सुश्री निर्मला कलमें सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।